कार्यालय पुलिस उपायुक्त काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक-10/06/2024

विषय:- 14 वर्षिय गुमशुदा/अपहृत विच्छिप्त बालक थाना कोतवाली पुलिस द्वारा 02 वर्ष 04 माह बाद सकुशल बरामद

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा अपराधों की रोकथाम तथा चोरी/लूट/अपहरण की घटनाओ के सफल अनावरण एवं अपहृतों/गुमशुदा बालक/बालिकाओं की सकुशल बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त काशी ज़ोन व श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त महिला अपराध के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली व राजीव कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के कुशल नेतृत्व में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा वर्ष 2022 में थाना स्थानीय पर पंजीकृत अभियोग से सम्बन्धित 12 वर्षिय गुमशुदा बालक जो विच्छिप्त है न तो बोल सकता है और न ही कुछ लिख-पढ सकता है की तलाश के क्रम डीसीआरबी से लेकर एनसीआरबी के सभी पोर्टल, दूरदर्शन व सोशल मीडिया के सभी प्लेटफार्म की मदद से गुमशुदा/अपहृत बालक की तलाश में विवेचकों द्वारा सम्पूर्ण प्रयास किया जा रहा था इसी क्रम में वर्तमान विवेचक उ0नि0 सुमन यादव चौकी प्रभारी अमियामण्डी द्वारा पुनः सोशल मिडिया के माध्यम से दिनांक 04.06.2024 को विभिन्न सोशल साइट वाट्स-अप ,फेसबुक ,एक्स व इस्टाग्राम पर गुमशुदा बालक का फोटो लगा हुआ पम्पलेट को प्रचारित व प्रसारित किया गया जिसके पश्चात फेसबुक पर . की फोटो देखकर कुटुंब/एशियन संस्था बाबतपुर थाना बड़ागाव वाराणसी द्वारा विवेचक से सम्पर्क कर अपने यहां रह रहे विच्छिप्त बालक राजा के विषय में जानकारी दी गयी, जिसपर आज दिनांक 10.06.2024 को विवेचक के द्वारा गुमशुदा के परिजनों को साथ लेकर एसीयन/कुटुंब संस्था बाबतपुर बडागाव वाराणसी पहुची जहां पर परिजनों द्वारा अपने बालक . की पहचान की गयी तो ज्ञात हुआ कि राजा नाम से कुटुंब/एशियन संस्था से दाखिल बालक ही . है जो 09.02.2022 को अपने घर से रास्ता भटक कर सिटी रेलवे स्टेशन पहुच गया था चूकि गुमशुदा बालक न तो बोल पाता है और ना ही लिख पढ पाता है जिस कारण वह अपने घर न पहुच कर ट्रेन से जौनपुर पहुच गया जहां पर थाना लाइन बाजार जौनपुर पुलिस द्वारा को मडुआडीह वाराणसी स्थित एनजीओ में भेज दिया गया जहां से एनजीओ द्वारा बालक को सीडब्लूसी वाराणसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया जिसपर सीडब्लूसी द्वारा उक्त बालक को अन्य नाम से दिनांक 02.03.2022 को कुटुंब/एशियन संस्था बाबतपुर बड़ागाव वाराणसी में दाखिल किया गया था, तभी से गुमशुदा बालक कुटुंब/एशियन संस्था में अन्य नाम से रह रहा था और संस्था द्वारा गुमशुदा बालक का दवा इलाज बीएचयू से कराया जा रहा है गुमशुदा बालक संस्था में अपनी एक्टिविटि से काफी फेमस था। संस्था द्वारा बताया गया कि गुमशुदा

बालक को गोद लेने के लिए एक परिवार द्वारा आवेदन किया गया है जिसकी प्राथमिक प्रक्रिया भी पूर्ण की जा चुकी है । मौके पर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए बालक को सीडब्लूसी वाराणसी के समक्ष प्रस्तुत किया जहां सीडब्लूसी द्वारा बालक की काउंसलिंग करने के पश्चात बालक उसके परिजन के परवेक्षण में रखने हेतु आदेशित किया गया। गुमशुदा बालक को उनके परिजन को सुपुर्द किया गया। बच्चे के घर वापसी से पुरा परिवार व बच्चे के मोहल्ले में खुशी का माहौल है तथा कमिश्नरेट वाराणसी पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंशा कर रहे है।

घटना का विवरणः- दिनांक 09/02/2022 को सुबह लगभग 11.00 बजे 12 वर्षिय विच्छिप्त बालक जो न तो बोल पाता है और नही कुछ लिख पढ पाता है अपने घर विशेश्वरगंज थाना कोतवाली, वाराणसी से वगैर बताये कही चला गया था जिसके सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत था। जिसे थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा 02 वर्ष 04 माह बाद सकुशल बरामद कर उसके परिजन को सुपुर्द किया गया।

बरामदगी का दिनांक व स्थान – 10.06.2024 स्थान कुटुंब/एशियन संस्था बाबतपुर थाना बडागाव वाराणसी।

बरामद करने वाले पुलिस टीम का विवरणः-

1. श्री राजीव कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक, थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
2. उ0नि0 सुमन यादव विवेचक/चौकी प्रभारी अमियामण्डी थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।
3. हे0का0 जितेन्द्र यादव थाना कोतवाली कमि0 वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त, काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।